<u>कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा</u>

श्री शमीम अहमद पुत्र मोहम्मद अकबर निवासी सदर चौक नागौरी मौहल्ला, दौसा जिला दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा/उपखंड अधिकारी लवाण/तहसीलदार लालसोट जिला दौसा

अपील संख्या 14/2025

<u>निर्णय</u>

दिनांक 12.3.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2025/402 दिनांक 14.02.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा ने पत्र क्रमांकः आर.टी.आई./2025/110 दिनांक 17.02.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना उपखंड अधिकारी लवाण, तहसीलदार लालसोट, आयुक्त, नगर परिषद दौसा व सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड दौसा से संबंधित होने से धारा 6(3) में स्थानान्तरित किया गया। उपखंड अधिकारी लवाण द्वारा अपीलांट को सीधे ही सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। आयुक्त, नगर परिषद दौसा व सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड दौसा के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं है। तहसीलदार लालसोट ने अपीलांट को सूचना उपलब्ध नहीं कराई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लालसोट को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर [illegible] उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली [illegible] भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:07:44 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा